हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 29 जून 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 ट्रांसफॉर्मर के खुले डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स बन...



07 नप में स्थाई सीएमओ नहीं होने के चलते बाधित रही...



### मेले की व्यवस्थाओं को लेकर सीईओ की अध्यक्षता में हुई बैठक

# 19 से 29 जुलाई तक किया जाएगा पचमढ़ी नागद्वारी मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नागपंचमी पर पचमढ़ी में नागद्वारी मेले का आयोजन 19 मई से प्रारंभ होगा जो 29 जुलाई तक जारी रहेगा। शनिवार को मेले के आयोजन को लेकर बैठक की गई।**

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पचमढ़ी स्थित प्राचीन नागद्वारी मंदिर परिसर में प्रति वर्ष नागपंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाला पचमढ़ी नागद्वारी मेला इस वर्ष 19 जुलाई से 29 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मेले के सफल, सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर अपर कलेक्टर प्रशासन एवं जिपं सीईओ सोजान सिंह रावत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पचमढ़ी मेला समिति के सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी, अशासकीय सदस्य आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रावत द्वारा मेले की समस्त व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा मेले से संबंधित सुविधाओं और समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

बैठक में सीईओ के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को विभिन्न दिए गए, उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा समस्त विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करें।

### ड्रोन से होगी मेले की निगरानी

बैठक में यातायात व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, भक्तों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं आपातकालीन प्रबंधन की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक उपस्थित रहते हैं, ऐसे में सभी व्यवस्थाएं सुनियोजित एवं प्रभावी रूप से लागू की जाएं। नागद्वारी मेले के दौरान इस बार साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही ड्रोन का उपयोग कर मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू रखा जाएगा। वहीं इस दौरान दूर से आने वाले दर्शनार्थियों को सफाई बनाने के लिए जागरूक भी किया जाएगा।

### 24 घंटे तैयार रहेंगी एम्बुलेंस और जिप्सी

मेला अवधि में मेला स्थल पर चौबीस घंटे दो एम्बुलेंस जिप्सी की सुविधा भी रहेगी। श्री रावत ने सर्व संबंधितो को निर्देशित किया कि सभी श्रद्धा भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। रावत ने उपस्थित सभी अधिकारियों, मेला समिति सदस्यों एवं सेवा मंडल पदाधिकारियों से कहा कि पचमढ़ी नागद्वारी मेला क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रतीक है, किसी भी प्रकार असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाई जावे। मेले स्थल पर शराब प्रतिबंधित रखरी जावें। साथ ही सभी के सहयोग से इसे शांतिपूर्ण, स्वच्छ और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाए।

# चौकीदार पर हमला करने वाले बाघ शावक को लगाई कॉलर आईडी, होगी निगरानी

### शनिवार को शावक को ट्रेंकुलाइज कर किया था बेहोश, होश आने पर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कोर क्षेत्र में दो मैदानीकर्मियों पर हमला करने वाले बाघ शावक को शनिवार को कॉलर आईडी लगा दी गई है। कॉलर आईडी लगाने के बाद ट्रेंकुलाइज्ड शावक को होश में आने पर पुनः जंगल में छोड़ दिया गया है। अब शावक की मॉनिटरिंग की जाएगी।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सूत्रों ने बताया कि रिजर्व फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा, असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद एवं फील्ड स्टाफ सहित मेडिकल टीम की उपस्थिति में शनिवार दोपहर लगभग दो बजे रिजर्व के कोर क्षेत्र में बाघ शावक को ट्रेंकुलाइज किया गया।

गन से ट्रेंकुलाइज करने के बाद बाघ शावक जब बेहोश हुआ तो उसके गले में कॉलर आईडी लगा दी गई है। इस दौरान उपस्थित मेडिकल टीम ने बाघ शावक का स्वास्थ्य परीक्षण किया। एवं इसे पूर्ण रूप से सुरक्षित पाया है। कॉलर आईडी लगाने के बाद बाघ शावक को जब होश आया तो इसे पुनः जंगल में छोड़ दिया गया है।

कामती रेंज ऑफिसर पीएन ठाकुर ने इस बात की पुष्टि की है कि बाघ शावक को कॉलर आईडी लगाकर जंगल में छोड़ा गया है। ठाकुर ने बताया कि अब शावक की तकनीकी माध्यम से सतत मॉनिटरिंग की जाएगी एवं इस दौरान इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि जहां शावक होगा वहां पैदल गश्ती नहीं की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर वाहन के माध्यम से बाघ शावक की मॉनिटरिंग की जाएगी।




### किए थे जानलेवा हमले

उल्लेखनीय है कि लगभग दो वर्ष आयु के बाद शावक ने 28 एवं 29 मई के दरमियानी रात आठ बजे एक कैंप के समीप फायर वाचर विजेंद्र तेकाम पर हमला किया था। जिसे साथी चौकीदार रामदास इवने ने साहस दिखाते हुए विफल किया था। वहीं इसी बाघ शावक ने 14 जून की दोपहर गश्ती कर रहे चौकीदार सट्टूलाल धुर्वे पर हमला किया था। इस दौरान उपस्थित चौकीदार हल्के उईके ने साहस दिखाते हुए सट्टूलाल धुर्वे की जान बचाई थी। दोनों हमलों के बाद से ही सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन बाघ शावक की मॉनीटरिंग कर रहा था। एवं उच्च स्तर से आनुमति के बाद शनिवार को बाघ शावक को कॉलर आईडी लगाई गई है।





# नगर में स्वच्छता अभियान जारी, रथ के पीछे चल रही सफाई टीम, त्वरित हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा नगर की साफ सफाई बेहतर करने के लिए स्वच्छता अभियान में बदलाव कर तेजी से कार्य किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र में किसी भी स्थान पर घूड़ा न लगे इस बात का ध्यान दिया जा रहा है। अब कचरा वाहन सुबह के साथ ही दोपहर में चलाना प्रारंभ कर दिया है। सभी 33 वार्डों में जहां जहां कचरा एकत्रित होता है उस स्थानों पर दोपहर में भी कचरा वाहन भेजकर कचरा उठाया जा रहा है। नगर में निकल रही रथयात्रा के पीछे पीछे भी सफाई टीम चल रही है। जहां पर कचरा एकत्रित होता है उसे तत्काल एकत्रित कर वाहन में डाल दिया जाता है। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर की सफाई व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। सुबह के समय वार्डों में कचरा वाहन तो जा ही रहा है साथ ही ऐसे स्थान जहां दोपहर में कचरा एकत्रित होता है उन स्थानों को चिह्नित कर नगरपालिका की टीम कचरा वाहन पहुंचा रही है। वहां से कचरा कलेक्ट किया जा रहा है। पूजन सामग्री और फूल आदि के लिए अलग से वाहन चलाया जा रहा है।



# नगर की रेवा सिटी कॉलोनी में सिक्योरिटी गार्ड से साथ मारपीट, कैमरे में कैद हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रेवा सिटी कॉलोनी में बुधवार रात तीन युवकों ने सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट और गुंडागर्दी की। युवकों ने गार्ड का ही डंडा छीनकर उसी से पीटा। गार्ड ने सिर्फ उनका नाम और कॉलोनी में देर रात आने का कारण पूछा था। पूरी घटना कॉलोनी में लगे कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। घटना 26 जून की रात करीब 10:30 बजे की है। देहात थाना पुलिस ने इस मामले में कुलदीप गौर, तरुण गौर और अमित राजपूत, तीनों निवासी खुटवांसा, के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। फरियादी रामविलास राजपूत, जो कॉलोनी गेट पर सिक्योरिटी गार्ड हैं, ने बताया कि रेवा सिटी कॉलोनी में कुछ अवैध गतिविधियां भी चलती हैं। जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। रामविलास के अनुसार, घटना वाली रात जिन युवकों ने मारपीट की, वे भी उसी महिला के पास आए थे। उन्हें रोककर नाम और कॉलोनी में देर रात आने की वजह पूछी, तो उन्होंने गुस्से में आकर गार्ड का डंडा छीना और उसी से पीटना शुरू कर दिया। साथ ही धक्का देकर गिरा दिया।



# राज्य शिक्षक संघ ने सीएम के नाम सौंपा मांग का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्य शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर शनिवार को ब्लॉक नर्मदापुरम द्वारा भी ई अटेंडेंस के संबंध में पीपल चौक पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिक्र किया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शिक्षकों के लिए हमारे शिक्षक एप्प के माध्यम से की अटेंडेंस योजना प्रारंभ की जा रही है।

मुख्यमंत्री प्रदेश में केवल शिक्षक संबर्ग की अटेंडेंस योजना से हाजिरी लगाने योजना से समाज में ऐसा संदेश जा रहा है कि शिक्षक संपर्क अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही होने के कारण उनकी ऐसी हाजरी ली जा रही है। राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के माध्यम से प्रदेश का शिक्षक ने माक की है कि यह अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों के कर्मचारियों पर एक साथ लागू किया जाए तब तक शिक्षकों के लिए योजना स्थगित की जाए। इस दौरान गजेंद्र बछले प्रदेश सचिब, डी एन व्यास, संजीब द्विवेदी, ब्रजमोहन सैनी, परम् सुख गढ़वाल, पुरुषोत्तम अहिरवार, एन के चौधरी आदि शामिल रहे।

# आपातकाल: विशेष सत्र में सत्ता और विपक्ष के बीच वाद-विवाद

### भाजयुमो ने आयोजित की मॉक पार्लियामेंट , भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भाजयुमो नर्मदापुरम द्वारा शनिवार को गृह विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा ने बताया कि आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संभाग स्तरीय मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया जिसमें युवाओं ने आपातकाल को लेकर संसद की भांति पक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाकर इस विशेष सत्र में चर्चा की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 1975 के आपातकाल की वास्तविकता को युवाओं के सामने रखना था। साथ ही उन्हें भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय प्रक्रिया से अवगत कराना भी कराना था। इस मॉक पार्लियामेंट में बैतूल , हरदा , नर्मदापुरम के युवा प्रतिभागी ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला , लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया , भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल , जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष भरतसिंह राजपूत , नपाध्यक्ष नीतू यादव , भाजपा झुझोप्र प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल , भाजयुमो प्रदेश मंत्री प्रांशु राने, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेंद्र मंडलोई, रंजीत चौहान , सोशल मीडिया प्रभारी अंकित आर्य उपस्थित रहे। पीएम की भूमिका मनीष परदेशी एवं नेता प्रतिपक्ष की भूमिका विशाल दीवानी तथा लोक सभा अध्यक्ष की भूमिका दीपक महाला ने निभाई।



### राज्य आपदा प्रबंधन ने जारी की एडवाइजरी

**नर्मदापुरम।** बरसात के मौसम में सांपों के प्राकृतिक निवास में पानी भर जाने के कारण सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि होने को दृष्टिगत रखते हुए मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मध्य प्रदेश शासन द्वारा सर्पदंश की घटनाओं से जनहानि के नियंत्रण और बचाव के लिए सुझाव जारी किए गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा सर्पदंश की घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई संपादित किए जाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं जिसमें सर्पदंश से बचाव के लिए व्यापक जागरूकता, सर्प से बचाव, प्राथमिक उपचार, साफ सफाई, प्रशिक्षित सर्प मित्रों की वार्ड एवं ग्रामीण स्तरों में तैनाती आदि सम्मिलित है।

# नपा सीएमओ को नींद से जागने के लिए श्री समर्पण श्री ने थाली-ढोल बजाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में हो रही अव्यवस्था को लेकर श्री समर्पण श्री विगत कई दिन से ज्ञापन एवं आंदोलन के माध्यम से नपा सीएमओ एवं जिला प्रशासन को अवगत करवाते आ रही है लेकिन अभी तक सीएमओ मैडम अपनी कुंभकर्णीय नींद से नहीं जागी है। इसी तारतम्य में शनिवार को श्री समर्पण श्री ने सीएमओ मैडम को कुंभकर्णीय नींद से जागने के लिए स्थानीय सतरस्ते पर नगर के आम आदमी को लेकर थाली एवं ढोल बजाकर प्रदर्शन किया कि मैडम एक बार तो आप जागो और नगर की दशा देखो जहां तहां गंदगी का अंबार लगा हुआ। पहली बारिश ने ही नगर की दुर्दशा बयान कर दी है साथ ही नपा द्वारा गौवंश को लेकर भी कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। श्री समर्पण श्री इस आंदोलन के माध्यम से समस्त नगरवासियों से अपील करती है कि जल्द से जल्द आप सभी भी अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठाना शुरू कीजिए आपके साथ श्री समर्पण श्री परिवार हमेशा खड़ा रहेगा। इस दौरान स्वदेश सैनी, अतुल जोशी, अंकित सराठे , शिवम यादव, अंकित सैनी, प्रियांशु सैनी, आकाश बाथरे, रोहन यादव, आशीष यादव, विशाल चावरिया, आकाश सोनी, शाका सिंह आदि शामिल रहे।




# मौसम: पचमढ़ी में अब तक 2.0 मिमी वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचमढ़ी में शनिवार के दिन बारिश से थोड़ी राहत देखने को मिली। हालांकि शाम होते-होते बादलों ने सतपुड़ा की रानी के ऊपर अपना जमावड़ा लगा। लिया। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए डाटा को देख तो शनिवार रात से पुनः बारिश का दौर जारी होने की संभावना रहेगी।

जिले में 1 से 28 जून को प्रातः 8 बजे तक जिले में 1037.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 828.9 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 28 जून को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 17.9 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी में 0.6 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 5.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 5.6 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 6.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 2.0 एवं तहसील डोलरिया में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।








## खबर संक्षेप

### नशे के खिलाफ निकाली जागरुकता रैली

**बैतूल।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बैतूल की ओर से नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत कॉलेज के अध्यक्ष गणेश मालवी, कोषाध्यक्ष सोनू पाल तथा प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र शाह के संबोधन और अनुमति के साथ हुई। कार्यक्रम में भारत-भारती और कढ़ाई क्षेत्र के नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जिन्हें नशे से होने वाली सामाजिक और शारीरिक हानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। रैली में ओम आयुर्वेदिक कॉलेज के लगभग 200 छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और कर्मचारी शामिल हुए। उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ डॉ. संदीप पाल द्वारा दिलाई गई। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। रैली में उत्साह का माहौल रहा और मार्ग में चलते हुए विद्यार्थियों ने नारे लगाकर नशा विरोधी संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया। आयोजन का समापन डॉ. संदीप पाल के आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। उन्होंने बताया कि इस रैली का उद्देश्य नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा युवाओं को नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

### आज गायत्री परिवार की कार्यशाला छिंदवाड़ा में

**बैतूल।** गायत्री परिवार उपजोन समन्वय समिति की कार्यशाला आज 29 जून को छिंदवाड़ा में आयोजित की गई है। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा व जिला सह समन्वयक रविशंकर पारखे ने बताया कि गुरु पूर्णिमा से 40 दिवसीय साधना अभियान प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए आवश्यक मार्गदर्शन कार्यशाला में दिया जाएगा। इस कार्यशाला में तहसील समन्वयको व साधना अभियान प्रभारियों से कार्यशाला में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### बोरगांव हाई सेकंडरी स्कूल को मिली 5 लाख रुपए की स्वीकृति



**बैतूल।** बैतूल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बोरगांव हाई सेकेंडरी स्कूल को छात्रों की सुविधा एवं विकास के लिए 5 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष व जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री हंसराज धुर्वे के प्रयासों से स्वीकृत हुई है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से बोरगांव हाई सेकेंडरी स्कूल में आवश्यक विकास कार्यों व संसाधनों की कमी की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिसे लेकर ग्रामीण लगातार प्रयासरत थे। अब 5 लाख की स्वीकृति से स्कूल में सुविधाएं बढ़ेंगी और छात्रों की पढ़ाई में आ रही परेशानियों का समाधान होगा। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा विधायक श्री खंडेलवाल सहित सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला महामंत्री पर्वतराव धोटे तथा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नितिन बारस्कर, जनपद सदस्य मुकिदराव आदि मौजूद रहे।

---

लापरवाही: बिजली के तारों में दौड़ते करंट को लेकर विभाग बेपरवाह

# ट्रांसफॉर्मर के खुले डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स बन सकते हैं हादसों का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बिजली जैसे संवेदनशील मामलों में भी विभाग लापरवाह है। यह स्थिति तब है, जब बारिश का मौसम चल रहा है और ट्रांसफॉर्मर के नीचे लगे फ्यूज स्विच डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स को व्यवस्थित रूप से बंद तक नहीं किया गया है। जिससे खतरा बढ़ गया है। खासकर मवेशियों के लिए खुले फ्यूज स्विच और डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स जानलेवा भी साबित हो सकते है। दरअसल शहर में 550 से अधिक ट्रांसफॉर्मर लगे हैं, जिसके नीचे फ्यूज स्विच के लिए डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स लगाए हैं, लेकिन इन्हें व्यवस्थित रूप से बंद तक नहीं किया गया है। कहीं बॉक्स खुले पड़े हैं तो कहीं टूटे हुए लटक रहे हैं। कुछ जगह पर तो बॉक्स जमीन से कुछ ऊपर कम ऊंचाई में लगा दिए हैं, जिससे बारिश के दौरान शॉर्ट-सर्किट होने से विद्युत पोल में करंट आने का खतरा बनता रहता है। लाइन सुधारने के दौरान भी बिजली कर्मचारी इन बॉक्स को वैसे ही छोडक़र चले जाते है। कहीं-कहीं फ्यूज बाक्स की ऊंचाई 2 से 3 फीट तक ही है। इससे मवेशियों और यहां से निकलने वाले रहवासियों को करंट लगने का डर लगा रहता है। लोगों का कहना है कि बिजली के खुले तार बेहद खतरनाक है। बिजली कर्मचारियों द्वारा भी इन्हें व्यवस्थित नहीं किया जाता है। जबकि कई बार इन तारों के संपर्क में आने से मवेशियों की मौत तक हो चुकी है।



### बिजली मेंटनेंस में भी केवल औपचारिकता

कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष बिजली लाईनों का मेंटनेंस किया जाता है। लेकिन यह कार्य भी मात्र औपचारिकता तक सीमित है, जबकि स्थिति जस की तस नजर आती है। बिजली खंभो पर तारों का जाल, झूलते तार को कसा तक नहीं जाता। ऐसे में फाल्ट आने पर लोगों को घंटो तक अंधेरे में रहना पड़ता है। बिजली खंभों पर तारों के जाल के कारण कर्मचारियों को खुद समझ नहीं आता है कि कौन से तार किसका है। कर्मचारी अंदाजे से ही सुधार करते है। इसके बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा लाइनों को व्यवस्थित करने की कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे बिजली के तार और ट्रांसफामर गंभीर हादसे का कारण बन सकते है।

### लोगों के दिलों में बढ़ रहा डर

कई बार बिजली तारों में स्पार्किंग के कारण आतिशबाजी की तरह चिंगारियां निकलती है। इससे लोगों के दिलों में बिजली का डर बना हुआ है। लोगों ने बताया कि तार बार-बार टूटने के कारण जर्जर हो चुके हैं। इन तारों में कई जोड़ लगाकर बिजली की सप्लाई की जा रही है। खुले तार जब हवा के कारण आपस में टकराते है, तो आतिशबाजी की तरह चिंगारियां निकलती है। इससे दुर्घटना का डर बना रहता है। कई स्थानों पर बिजली के तार मकानों से सटकर गुजरे है। वहीं ट्रांसफार्मरों की ऊंचाई भी कम है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग द्वारा कुल मिलाकर अनदेखी की जा रही है। इससे भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

### बिजली उपकरण बदलने पर नहीं देते जोर

विद्युत कंपनी द्वारा फ्यूज स्विच, डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स सहित उपकरण बदलकर नया लगाने पर जोर नहीं दिया जाता है, बल्कि उन्हीं उपकरणों को जैसे-तैसे जुगाड़ लगाकर दोबारा फीट कर दिये जाते है। जानकार बताते है कि पॉवर सप्लाई ट्रांसफॉर्मर का डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स क्षमता के अनुसार लगाया जाता है। एक बॉक्स 15 से 20 हजार रुपए में आता है। सामान्य तौर पर पुराने बॉक्स को रिपेयरिंग करने की नौबत अधिक रहती है। कंपनी को कभी 2 तो कभी 4 बॉक्स की आपूर्ति होती है, जिसे अधिक जरूरत वाले स्थानों पर लगाते हैं। आपूर्ति होने पर बॉक्स लगाते हैं। लिंक रोड पर ममता अस्पताल के सामने ट्रांसफार्मर का यही हाल है। इसके तार जमीन में बिखरे हैं। ऐसे में करंट फैलने का डर भी बना रहता है। इसी प्रकार भग्गुढाना में मनीष ब्रेड फैक्ट्री के पास लगे ट्रांसफार्मर के डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स भी खुले पड़े हैं जिन्हें बंद नहीं किया गया है।

### लटक रहे हैं तार

शहर के कई मोहल्लों में खुले तार झालरों की तरह लटक रहे है। इससे कभी भी हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। शहरी उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति कराने के लिए बिजली विभाग द्वारा तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। इनमें बिजली की चोरी रोकने के लिए प्लास्टिक कोटेट केबल लगाये है, लेकिन शहर के कई मोहल्लों में अब तक वर्षों पुराने बिजली के खंभो और तार को नहीं बदला गया है। बिजली तार झूलते नजर आ रहे है। ऐसी ही स्थिति अधिकांश गलियों में नजर आ रही हैं। जिससे कभी भी हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### व्यवस्थित करवाता हूं

मैने अभी-अभी ज्वानिंग ली है। इस बारे में पता करके जल्द ही फ्यूज स्विच, डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स और खुले तारों को व्यवस्थित करवाता हूं।

- योगेन्द्र चौधरी
एई, जोन -2, विद्युत विभाग बैतूल

---

## पति की हत्या करने वाली पत्नी गिरफ्तार, लोहे की कलछी से सीने पर किया था वार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

थाना शाहपुर अंतर्गत ग्राम जामुनढाना में लोहे की कलछी से पति के सीने पर वार कर हत्या करने वाली पत्नि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार कमलेश पिता तेजू भलावी निवासी ग्राम गुवाड़ी, हाल मुकाम जामुनढाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके संबंधी मनवारी पिता बाबूलाल मर्सकोले (उम्र 46 वर्ष) का शव खून से लथपथ हालत में पलंग पर पड़ा हुआ है और उसकी हत्या उसकी पत्नी खुशमा मर्सकोले द्वारा की गई है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी भौंरा उप निरीक्षक नीरज खरे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक मनवारी मर्सकोले शराब पीने का आदी था और प्रायः घर में विवाद करता था। घटना वाले दिन भी शराब पीकर आने के बाद उसका पत्नी से विवाद हुआ, जिसके दौरान पत्नी खुशमा मर्सकोले ने गुस्से में आकर रोटी पलटने की लोहे की नुकीली कलछी से उसके सीने पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी महिला फरार हो गई थी, जिसे शाहपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपिया ने जुर्म स्वीकार कर लिया है एवं घटना में प्रयुक्त कलछी की निशानदेही दी, जिसे बरामद कर जब्त किया गया है।

### चाकू से पेट में वार कर दो युवकों को जान से मारने का किया था प्रयास

**बैतूल।** चाकू से पेट में वार कर दो युवकों को जान से मारने का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी भानू ठाकुर पिता यादव ठाकुर निवासी ग्राम राताामाटी ने थाना कोतवाली बैतूल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मोहित रैकवार उर्फ कार्लोस एवं राहुल रैकवार ने फरियादी एवं पीड़ित करण पवार पर जान से मारने की नीयत से चाकू से पेट में वार किया। पुलिस ने धारा 109(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण के दोनों आरोपियों मोहित उर्फ कार्लोस पिता गंगू रैकवार, उम्र 23 वर्ष, निवासी कोठी बाजार बैतूल और राहुल रैकवार पिता दीपक रैकवार, उम्र 25 वर्ष, निवासी कोठी बाजार, बैतूल को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त किया गया और आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविकांत डेहरिया, सहायक उप निरीक्षक राजेश मालवीय, प्रधान आरक्षक शिव कुमार आदि की रही भूमिका।

---

रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई

## मुरम और गिट्टी का अवैध परिवहन करते 4 डंपर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक में वन, राजस्व, पुलिस, परिवहन एवं खनिज विभाग को खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को रोकने के दिशा-निर्देश दिए थे। इसी अनुक्रम में खनिज विभाग द्वारा शनिवार को मुरूम और गिट्टी का अवैध परिवहन करते 4 डम्पर तथा ग्राम चापड़ा रैयत में खनिज रेत के अवैध भंडारण पर बडी कार्यवाही की गई है

प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज अमला द्वारा 28 जून को तहसील बैतूल अन्तर्गत आठनेर रोड पर ग्राम सुरगांव के समीप 4 डम्पर क्रमशः बीआर 31 जीए 3604, एमपी 04 एचई 5410, एमएच 12 डब्ल्यूजे 9371 एवं एमएच 12 डब्ल्यूजे 9471 को खनिज मुरूम और गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस थाना गंज बैतूल की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इसी प्रकार खनिज एवं राजस्व अमले द्वारा



संयुक्त रूप से आकस्मिक निरीक्षण कर तहसील शाहपुर ग्राम चापड़ा रैयत स्थित निजी भूमि खसरा क्रमांक 6/2/2 रकबा 0.500 हेक्टेयर क्षेत्र के अंश भाग पर निर्माणाधीन होटल के पीछे खनिज रेत का अवैध भण्डारण पाये जाने पर अवैध भंडारण करने पर कार्यवाही की गई। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त खनिज रेत को भौंरा रेत खदान से ट्रैक्टर-ट्रालियों से परिवहन करके बिना अनुमति के अवैध रूप से भंडारित की गई थी, जिसकी कुल मात्रा 180 घन मीटर पाई गई। मौके पर अवैध भंडारण कर्ता द्वारा उक्त खनिज रेत के संबंध में किसी प्रकार की कोई अनुमति एवं रॉयल्टी के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।

---

8 गोवंश समेत एक कार बरामद

## भैंसदेही पुलिस ने गोवंश तस्करी करने का प्रयास किया विफल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में गोवंश तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान में भैंसदेही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार की रात पुलिस ने एक जायलो कार से 8 गौवंशों को मुक्त कराया। जब्त की गई कार की कीमत करीब 2 लाख रुपए और गौवंशों की कीमत 50 हजार रुपए बताई गई है। भैंसदेही एसडीओपी भूपेन्द्र सिंह मौर्य के निर्देश पर पुलिस टीम तलाशी कर रही थी। तभी सूचना मिली कि एक जायलो कार में गायों को जामझिरी से महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाया जा रहा है। इस पर पुलिस ने बरहापुर-जामझिरी रोड पर घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस ने वाहन को रोका, चालक ने कार को पीछे मोडक़र भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस की सतर्कता से कार को पकड़ लिया गया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर चालक भाग निकला। कार से बरामद सभी गौवंशों को पूर्णा गौशाला भेजा गया है। भैंसदेही थाने में इस मामले में दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसमें मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, छत्तीसगढ़ गौवध प्रतिषेध अधिनियम, और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धाराएं लगाई हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नीरज पाल के नेतृत्व में एएसआई महेश मंदानी समेत कुल 6 पुलिसकर्मी शामिल थे।

---

शादी का झांसा देकर किया था दुष्कर्म

## बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी रवि नरवरे, निवासी ग्राम पाढलीढाना, थाना भैंसदेही द्वारा उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण (बलात्कार) किया गया।

फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना गंज में धारा 64(2)(द्व) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की तलाश के लिए मुखबिरों



को सक्रिय किया। 27 जून को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी रवि नरवरे ग्राम पाढलीढाना, थाना भैंसदेही स्थित अपने खेत में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना गंज पुलिस द्वारा तत्काल दबिश दल गठित कर मौके पर दबिश दी गई और आरोपी को गिरफ्तार कर विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी गंज निरीक्षक सरविंद धुर्वे, उप निरीक्षक इरफान कुरैशी, आरक्षक सुरजीत जाट, आरक्षक चंद्रशेखर हिंगवे, आरक्षक रवि कौशल की सराहनीय भूमिका रही।

---

## चोपना पुलिस की अवैध शराब पर की बड़ी कार्रवाई

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, सेंट्रो वाहन जब्त



**बैतूल।** चोपना पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति सेंट्रो कार में अवैध शराब भरकर बासपुर की ओर से आ रहे हैं और इस समय दुल्हारा यात्री प्रतीक्षालय के पास रुके हुए हैं। सूचना पर चोपना पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित कर बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। घटनास्थल पर एक सेंट्रो कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी, जिसमें अनिकेत उर्फ अंकित पंद्राम पिता दीपक उर्फ विपत पंद्राम और वेदांश पिता जीवन धुर्वे, दोनों निवासी सालीढाना, थाना घोड़ाडोंगरी व्यक्ति बैठे हुए थे। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें कुल 08 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब उनसे शराब संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस द्वारा मौके पर ही अवैध शराब और परिवहन में प्रयुक्त सेंट्रो वाहन को विधिवत जप्त कर लिया गया एवं दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना चोपना लाया गया। प्रकरण में धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रारंभिक कार्यवाही पूर्ण कर दोनों अभियुक्तों को न्यायालय बैतूल में प्रस्तुत किया गया।

---

41.77 करोड़ की लागत से बने भवन से बच्चों को मिलेगी सर्वसुविधायुक्त शिक्षा

# सांदीपनि शा. कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सांदीपनि शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार के नवनिर्मित भवन का शनिवार को भव्य शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, सुधाकर पवार, नगर परिषद अध्यक्ष बैतूल-बाजार दुर्गावती वर्मा एवं उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नवनिर्मित भवन का भव्य शुभारंभ किया गया।

शुभांरभ कार्यक्रम में विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि यह भवन विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की नई राह खोलने का काम करेगा। हम चाहते हैं कि इस विद्यालय के





छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में उच्चतम स्थान प्राप्त करें। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने इस मौके पर कहा कि इस विद्यालय के सभी कक्षों के नाम महापुरूषों के नाम पर रखा जाए, ताकि विद्यार्थी भारतीय इतिहास से परिचित हो सके। उन्होंने शैक्षिक विकास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि नई सुविधाओं से छात्रों को न केवल बेहतर शिक्षा मिलेगी, बल्कि उनका समग्र विकास भी होगा। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित भवन में विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ अन्य सहायक गतिविधियों के लिए भी सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह भवन आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस है, जो विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और सीखने का माहौल प्रदान करेगा।

### विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

*सांदीपनि शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार के नवनिर्मित भवन के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष दुर्गावती वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड़, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जितेन्द्र वर्मा, नरेंद्र शुक्ला, संजय वर्मा, राधिका वर्मा, सुनील पवार, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.अनिल सिंह कुशवाह, पीआईयू के अधिकारी और अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन आरके पिंजारे, पुरूषोत्तम देशमुख एवं आभार अभय जोशी ने व्यक्त किया।*

---

### हाईस्कूल पहुंच मार्ग मरम्मत के लिए विधायक निधी से एक लाख स्वीकृत

**बैतूल।** विधानसभा क्षेत्र के शहरी सहित ग्रामीण इलाकों के चहुमुखी विकास एवं आम जन कि समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल द्वारा ठोस पहल करने के साथ ही त्वरित क्रियान्वयन भी सुनिश्चित कराया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय मण्डईखुर्द में हाईस्कूल पहुंच मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से वर्षाकाल के दौरान विद्यार्थियों को स्कूल जाने में परेशानी आने की जानकरी मिलते ही बैतूल विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हाईस्कूल पहुंच मार्ग की मरम्मत के लिए विधायक निधी से एक लाख रूपये की राशि स्वीकृत कर बैतूल कलेक्टर को पत्र भेजा है। साथ ही राशि स्वीकृति के पत्र की प्रति ग्राम पंचायत मण्डईखुर्द के संरपच शंकर अहाके को देकर जल्द से जल्द हाईस्कूल मार्ग मरम्मत करने के निर्देश दिये है।

बैतुल बाज़ार संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

## कार्यकर्ता सहायिका की होगी नियुक्ति

**माखन नगर।** परियोजना माखन नगर परियोजना अधिकारी के निर्देशानुसार सेक्टर आंचल खेड़ा और सेक्टर बाबई शहरी में ग्राम आंचल खेड़ा रजौन वार्ड 7वार्ड 1 में कार्यकर्ता सहायिका की नियुक्ति की विज्ञप्ति चश्मा की गई इस वर्ष शासन द्वारा नियुक्ति ऑनलाइन की जा रही है जिसमें आवेदन दिनांक04/07/ 2025 तक फॉर्म भरे जा सकते हैं एवं दिनाक, 07/07/2025 तक आवेदनों में संशोधन का कार्य किया जाएगा आवेदन भरने की पात्रता कक्षा 12वीं पास होना और उम्र 35 वर्ष होनी चाहिए ग्राम पंचायत के रजौन के सरपंच ने ग्रामीणों को बताया अधिक जानकारी के लिए महिला बाल विकास परियोजना माखन नगर से संपर्क कर सकते हैं।

## लायंस क्लब पिपरिया की बैठक संपन्न

**पिपरिया।** लाइंस ऑफ़ पिपरिया सिटी मे बैठक का आयोजन किया गया जिसमें वर्ष 2025 26 की कर्यकारिणी को लेकर अध्यक्ष लाइंस मनोज नागोत्रा सचिन मनोज जवाहर कोषाध्यक्षमुकुंद सिरोहिया उपाध्यक्ष गिरिराज गोदानी अरुण जोशी नरेश वर्मा सह सचिव कारण मुंदडा कोनियुक्त किया गया। संचालक मनीष शाह उर्वशी शाह वर्षा समैया नरेश शाह अविनाश पुरोहित उदय राय उदय राजपूत अरविंद राय मनोनीत किए गए। विभिन्न समितियों के चेयरमैन खुशबू श्रीवास्तव दीपिका पुरोहित ज्योतिदुवेदी बीना पलीवाल ममता नागोत्रा आदि मनोनीत हुए।

### जीर्णशीर्ण व क्षतिग्रस्त भवनों के डिस्मेंटल आदेश का नहीं हो सका पालन

# नप में स्थाई सीएमओ नहीं होने के चलते बाधित रही कार्रवाई, आई बरसात

मध्य प्रदेश के सभी नगर निकायों में जीर्णशीर्ण व खतरनाक भावनों को सर्वे उपरांत डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया प्रतिवर्ष मानसून के पूर्व की जाती है। प्रतिवर्ष जर्जर भवनों के मालिकों को नोटिस देकर अपना काम कर लेती है। इसके आगे कोई और कदम नहीं उठाए जाते हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

मध्य प्रदेश के सभी नगर निकायों में जीर्णशीर्ण व खतरनाक भावनों को सर्वे उपरांत डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया प्रतिवर्ष मानसून के पूर्व की जाती है। लेकिन इस वर्ष सोहागपुर में यह प्रक्रिया सर्वे तक भी नहीं पहुंच सकी। क्योंकि नप सोहागपुर में सर्वे की संभावित अवधि दौरान स्थाई सीएमओ थे ही नहीं।

मामले में हरिभूमि ने सोहागपुर नप कार्यालय में पड़ताल की। तो पता चला कि पिछले वर्षों में भी नगर परिषद के द्वारा शहरी क्षेत्र के जीर्णशीर्ण, क्षतिग्रस्त खतरनाक भवनों के सर्वे कराए गए हैं। सर्वे के बाद जनक्षति की संभावना वाले आवासों व भवनों के सुधार या डिस्मेंटल के निर्देश भवनों के मालिकों को दिए गए। लेकिन नप की ओर से दुर्घटना की संभावना वाले भवनों के डिस्मेंटल के लिए स्वविवेक से कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। जिसके चलते शहर में जर्जर हो चुके शासकीय तथा निजी भवनों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। लेकिन नप की भूमिका मात्र नोटिस देने तक ही सीमित होकर रह गई है। सोहागपुर नप प्रतिवर्ष जर्जर भवनों के मालिकों को नोटिस देकर अपना काम कर लेती है। इसके आगे कोई और कदम नहीं उठाए जाते हैं।

### आ चुका है पत्र

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के आयुक्त सिबि चक्रवर्ती एम ने उक्ताशय का पत्र क्रमांक 5091 छह मई 2025 को जारी किया था। नगर पालिका निगम आयुक्तों व नगर पालिका एवं नगर परिषद सीएमओ को भेजे गए पत्र में उल्लेख था कि मध्य प्रदेश के सभी नगरों में स्थित खतरनाक भवन या उनके जर्जर हिस्से हटाने की कार्रवाई करना है। पत्र में उल्लेख था कि यह कार्रवाई सामान्यतः वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व की जाती है। पत्रानुसार मप्र नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 309 व 310 तथा अधिनियम 1961 की धारा 221 अंतर्गत क्षतिग्रस्त भवनों के संबंध में कार्रवाई का प्रावधान है। पत्र में उल्लेख है कि जन धन की हानि रोकने के लिए उपरोक्त धाराओं के अनुसार कार्रवाई की जाए।

### सूचना भी दी

नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल आयुक्त सिबि चक्रवर्ती एम के पत्र में उल्लेख था कि जर्जर निजी भवन होने पर भवन मालिक को नोटिस दें। शासकीय भवन जर्जर होने पर संबंधित विभाग प्रमुख को नोटिस द्वारा सूचना की दी जाए। इन भवनों की सूची जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके अलावा पत्र में उल्लेख है कि पत्र को जारी करने की तिथि के बाद से तत्काल नगर क्षेत्र में खतरनाक हो चुके भवनों का सर्वे किया जाए। ताकि समय रहते जनधन की स्थिति रोकी जा सके।

## रेलवे अंडर ब्रिज के पानी स्टोर कुएं से निकाली गई रेत मिट्टी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी


इटारसी के वार्ड नंबर 11 के पार्षद अमित विश्वास ने मानसून में जलभराव को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। उन्होंने रेलवे अंडरपास से पानी जमा करने के लिए बने महत्वपूर्ण कुएं से गाद और कीचड़ को साफ करवाया है। इस प्रयास का उद्देश्य पानी की कुशल निकासी और भंडारण सुनिश्चित करना है, जिससे आने वाले बरसात के मौसम में जलभराव को कम किया जा सके। इससे खासकर स्कूली बच्चों को काफी फायदा होगा, जिन्हें अक्सर पानी भरे अंडरपास से होकर गुजरना पड़ता है। रेलवे अंडरपास से पानी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण यह कुआं गाद और कीचड़ जमा होने के कारण काफी हद तक अवरुद्ध हो गया था। इस पहल से जलभराव से काफी राहत मिलने की उम्मीद है, जो निवासियों और यात्रियों, विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए एक पुरानी समस्या है, जिन्हें अक्सर जलभराव वाले अंडरपास से गुजरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## महाविद्यालय में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 30 जून

**माखन नगर।** कक्षा 12वीं में पास हुए समस्त विद्यार्थियों के लिए कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए 30 जून तक पंजीयन कराना अनिवार्य है, श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर की प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे व प्रवेश समिति सदस्यों ने बताया कि माखन नगर (बाबई) ब्लॉक के आसपास के समस्त विद्यार्थियों से अपील की है कि वे छात्र छात्राएं जिन्होंने विगत वर्षों में 12वीं की परीक्षाएं उत्तीर्ण कर चुके हैं, और उन्होंने कहीं भी प्रवेश नहीं लिया है या पढ़ाई छोड़ चुके हैं वह भीअपना पंजीयन करा कर महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं,विधानसभा का एकमात्र शासकीय कालेज, श्री माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय है जिसमें शासन के द्वारा निर्धारित समस्त सुविधाये विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है ।महाविद्यालय में बीए ,बीकॉम ,बीएससी एवं एमए में समाजशास्त्र व हिंदी साहित्य पाठ्यक्रम संचालित है ,जहां स्थानीय स्तर के विधार्थियों को शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्रवेश लेने उपरांत शासन के द्वारा निर्धारित समस्त छात्रवृत्तियां सहित संपूर्ण सुविधाएं प्राप्त होंगी।

## सोहागपुर विधायक ने वर्चुअल बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर




विधानसभा सोहागपुर की एक वर्चुअल बैठक शनिवार को की गई। बैठक सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने की। सिंह ने बैठक में संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश सोहागपुर मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को दिए हैं। बैठक में विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि मंडल कार्यकारिणियों को संगठन ऐप में बैठकों व समस्त गतिविधियों की फोटो अपलोड करना है। इसके साथ ही बूथों की समितियों का वेरीफिकेशन होना है। मन की बात की फोटो संगठन ऐप में अपलोड करना है। बूथ समिति व मंडल कार्यसमिति का व्हाट्सएप ग्रुप बनना है। ग्रुप्स में संगठन संचालन की सूचनाओं का आदान-प्रदान करना है। बैठकों के फोटो भी ग्रुप्स में अपलोड करना है। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के सभी मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मोहर्रम के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**पिपरिया।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मोहर्रमका त्यौहार त्योहारप्रारंभ हो गया है। इमामबाड़े मे झंडा फहरा दिया गया है शहनाई कीधूम बजने लगी है मोहर्रमका दूसरा दिनहो चुका है। मंगलवारथाने में मोहर्रमके त्यौहार के समापन को लेकर बैठकगयाकाआयोजन किया गया जिसमें सभी जनप्रतिनिधि समाज सेवीसगठन के लोग शामिल हुए परंपरागत परचमजूलूस निकल गया हजरत इमाम हुसैन की मजारों का छायाचित्र भी शामिल कर युवा आगे बढ़े थाने में सभी जनप्रतिकेद्वाराकेद्वारा निलियाकीलियाकी शांतिपूर्वक मनायाजावे। 6 जुलाई को मोहर्रम के त्यौहारका समापन होगा इस दिन नपा, बिजली विभाग को विशेष निर्देश जारी किए।

## स्वास्थ्य विभाग की बैठक में दिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संचालन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



स्वास्थ्य विभाग के कामती सेक्टर की बैठक शनिवार को कामती पीएचसी कामती में संपन्न हुई। जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी कार्यक्रमों के संचालन के निर्देश कर्मचारियों को दिए गए हैं।

प्रभारी सीबीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर से प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के भोपाल मिशन संचालक कार्यालय से निर्देश दिए गए थे कि सभी सेक्टर में बैठक करना है। जिसमें मुख्य रूप से मेडिकल ऑफिसर, आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, एलएचवी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्राप्त जानकारी अनुसार उच्च स्तर से निर्देश थे कि बैठक में अधीनस्थ कर्मचारियों को सेक्टर मेडिकल ऑफिसर निर्देश देंगे। निर्देश होंगे कि गर्भवती महिलाओं का प्रथम त्रैमासिक पंजीयन विधिवत हो व हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का डाटा अपडेट रहे। साथ ही शिशुओं का पंजीयन अनमोल पोर्टल पर दर्ज किया जाए। दस्तक अभियान, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया कार्यक्रम व एमसीडी पोर्टल कार्यक्रम की नियमित समीक्षा के निर्देश भी बैठक में दिये गए। बैठक में बताया गया कि मानसून मौसम में मलेरिया व डेंगू रोगों की रोकथाम के लिए जरूरी सर्वे किया जाए व लार्वा समाप्ति के कार्य भी अनिवार्य रूप से किए जाएं। बैठक में कामती सेक्टर के 24 ग्रामों की आशा कार्यकर्ताओं व आशा सुपरवाइजर सहित एएनएम मोनिका करकेट्टा, सेक्टर सुपरवाइजर मनोज आरसे, सीएचओ आकांक्षा किस्पोट्टा व नमीरा कुरैशी, एएनएम रानी मेहरा व माधुरी ठाकुर उपस्थित थे।

## यातायात नियमों का पालन करने वाले हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शनिवार को खेड़ा पर लगे यातायात विधिक जागरुकता शिविर में न्यायाधीश आदित्य रावत, टीआई गौरव सिंह बुंदेला और ट्रैफिक इंचार्ज सुनील घावरी ने यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का सम्मान किया। कार्यक्रम एक निजी रिसॉर्ट के सामने सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया गया था जिसमें न्यायाधीश आदित्य रावत ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों का सम्मान किया। शिविर में बताया कि तेज गति से वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, हेलमेट न पहनना और वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने जैसे कारणों से दुर्घटना में क्षति होती है।

## मांगों के निराकरण के लिए ब्लॉक शिक्षक संघ ने सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



शिक्षक संघ के निर्देश पर ब्लॉक शिक्षक संघके अध्यक्ष दीप सिंह पटेल के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम तहसीलदार वैभव बैरागी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें ही अटेंडेंट योजना को एक साथ प्रदेश के समस्त शासकीय विभागोंमे प्रारंभ किए जाने की मांग कीहै। ज्ञापनमें कहा गया है कि स्कूल शिक्षाविभाग द्वारा शिक्षकों के लिए हमारे शिक्षक एप के माध्यम से ईअटेंडेंट योजना प्रारंभ कीजारही है। प्रदेश का समुच्चय शिक्षक संवर्ग प्रदेश सरकार की वंशज के अनुरूप लगातार कार्य कर रहाहै। प्रदेश को प्रमुखपंक्ति लाने का प्रयास कर रहा है इस समर्पण सुखद परिणाम बोर्ड परीक्षा परिणाममे सरकारी स्कूल काप्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है।

ज्ञापन में मुख्यमंत्रीसे मांग की है कि गुरु के लिए सम्मान ही सबसे बड़ा धन है मात्र शिक्षकों के लिए ऐसा कदम गुरु की गरिमा को क्षतिपहुंचना है। यह करता आहतमुख्यमंत्रीसे समूचा शिक्षक समाज मांग करता है कि इ अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों के कर्मचारियों पर एक साथ लागू किया जावे तब तक शिक्षकों के लिए स्थगित किया जा ज्ञापन सौंपने वालों मे धीरेंद्रसिह पटेल तहसील अध्यक्ष दीप सिंह रघुवंशी ब्लॉकअधयक्ष एवं दर्जनों की संख्या में अन्य शिक्षक उपस्थितरहे।

## अखबार वितरित करने वाले हॉकर्स को वितरित किए छाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर




नगर के एक समाजसेवी ने सभी मौसमों में तय समय पर अखबार वितरित करने वाले हॉकर्स की सुध ली है। समाजसेवी ने हॉकर्स को बरसात से बचाव के लिए छाते वितरित किए हैं। ओमप्रकाश पटवा ने बताया कि नगर में संचालित भारत मेडिकल स्टोर के संचालक वहीद खान ने शनिवार को शहर में अखबार वितरित करने वाले हॉकर को छाते वितरित किए हैं। ताकि सभी हॉकर्स बरसात के मौसम में सुरक्षित रूप से घर-घर पहुंचकर अखबार वितरित कर सकें। जानकारी अनुसार इस दौरान वहीद खान ने 22 हॉकर्स को छाते वितरित किए हैं। हॉकर्स ने खान की इस सहृदयता के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

## फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में इंदौर विजेता, विजेता टीम के खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल में आयोजित जूनियर बालक अंतर जिला फुटबाल प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला इंदौर ने भोपाल को हराकर जीत लिया है। फाइनल में इंदौर ने भोपाल को 3-2 गोल से हराया। मैच में प्रथम हाफ में भोपाल ने गोल मारकर बढ़त बनाई जो मध्यांतर तक रही। मध्यांतर के बाद इंदौर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल करके बराबरी कर ली। भोपाल ने फिर अटैक करते हुए गोल मारकर बढ़त बनायी, इंदौर ने फिर स्कोर 2-2 कर लिया। मैच समाप्ति के पहले इंदौर ने एक गोल और मारकर 3-2 से फाइनल का खिताब अपने नाम किया। बेस्ट गोलकीपर का खिताब सीहोर, बेस्ट डिफेंस नर्मदापुरम के नमन चौधरी, बेस्ट मिडफील्डर इंदौर के कनिष्क शर्मा और बेस्ट फारवर्ड नर्मदापुरम के लक्ष्मण को दिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वर्तमान विधायक डॉ सीतासरन, इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, जय किशोर चौधरी, हुजैफा बोहरा, मनीष ठाकुर, सिद्धू पांडे ने विजेता, उपविजेता को पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर प्रतियोगिता के अध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे, सचिव सत्यम अग्रवाल, चिन्ना राव, भूषण कनौजिया, अरविंद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## युवा हिन्दू वाहिनी ने सरस्वती स्कूल में किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

राष्ट्रीय युवा हिन्दू वाहिनी इटारसी की सभी पदाधिकारीयो एवं सदस्यों ने मिलकर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने 551 पौधा रोपण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सरस्वती विद्या मंदिर मालवीयगंज में पौधारोपण किया। जिसमें आंवला, करंजी, सिंदूर, विद्या, बेलपत्र, गुलमोहर, ऐसे अलग-अलग प्रकार के 11 पौधे रोपे। इस अवसर पर सभी सदस्य एवं स्कूल के प्राचार्य एवं आचार्य ने उपस्थित रहे।

जिसमें हिंदू वाहिनी की जिला अध्यक्ष अर्चना मालवीय, संरक्षक ममता मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष चांदनी शुक्ला, ज्योति त्रिवेदी, ज्योति तोमर, अनु सिंह, नीलम मालवीय, सपना चौहान, सोनम चौधरी, रूबल मदान, रश्मि, मनीषा अहिरवार, अनीता एवं सरस्वती विद्यालय का स्टाफ सम्मिलित रहे।

### विद्या दान बैंक की पहल, स्कूलों में बांटी जा रही सामग्री

# विद्यार्थियों को मिल रही पाठ्य सामग्री व पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



इटारसी में विद्या दान बैंक शिक्षा के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण पहलों के साथ सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। एक ओर जहा इसने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए पुस्तकों का संग्रह शुरू किया है, वहीं दूसरी ओर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के हाथों 101 बच्चों को स्कूल बैग और अन्य आवश्यक शैक्षिक सामग्री वितरित की गई है। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने विद्या दान बैंक की सराहना करते हुए शिक्षा के महत्व पर एक प्रेरक उद्बोधन भी दिया

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 'विद्या दान बैंक' का नया कदम

शहरी आजीविका केंद्र, इटारसी में संचालित ?विद्या दान बैंक? ने उन छात्रों के लिए एक सराहनीय पहल की शुरुआत की है, जिन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकों की आवश्यकता है, लेकिन आर्थिक रूप से उन्हें खरीदने में असमर्थ हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करना है। 'विद्या दान बैंक' समुदाय से अपील करता है कि वे अपनी पुरानी या नई प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें दान करें, ताकि अधिक से अधिक छात्र इस सुविधा का लाभ उठा सकें। इच्छुक छात्र शहरी आजीविका केंद्र, इटारसी में संपर्क कर सकते हैं।

शिक्षा के प्रति उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, विद्या दान बैंक और मुस्कान संस्था के सहयोग से न्यास कॉलोनी के सरकारी स्कूल के 101 छात्रों को स्कूल बैग, पाठ्यपुस्तकें, नोटबुक, पेंसिल, पेन, कंपास बॉक्स और अन्य स्टेशनरी आइटम प्रदान किए गए। इन सामग्रियों का वितरण स्थानीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने किया। उन्होंने ही फ्रंट लाइन से बच्चों को सामग्री देकर विद्या दान बैंक का शुभ आरंभ भी किया। इस कार्यक्रम में महेश चौकसे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, नर्मदापुरम मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, सभापति पार्षद मनजीत कलोसिया और अर्पित मालवीय सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## नशा मुक्त भारत अभियान : नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ ए के यादव ने समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और सभी को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति परिवार और समाज को किस तरह तोड़ देता है नशे को देश से मुक्त बनाने के लिए हर व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करना चाहिए और इससे होने वाली हानियों के विषय में जानकर खुद को इससे दुर रखना चाहिए। सरकार ने भी नशे पर प्रतिबंध लगाया है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ नवनीत कुमार सोनारे ने नशा मुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश को नशे की समस्या से मुक्त करना है।

## खबर संक्षेप

### फरार दो आरोपियों पर इनाम किया घौषित

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला ने थाना मंडी में दर्ज अपराध में फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए प्रत्येक पर एक-एक हजार रुपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना मंडी में दर्ज अपराध प्रकरण अर्न्तगत फरार आरोपी लक्की उर्फ सिद्धांत पारदी, बनराज पारदी पिता भूपद उर्फ भोपाल पवार पारदी 25 उम्र साल निवासी निवासी पूछे बालाजी गुना की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिये प्रत्येक पर एक-एक हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### पिछले 24 घंटे मे 21.3 एमएम औसत वर्षा दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः 8 बजे तक 21.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 20.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 52.0, आष्टा में 2.0, जावर में 6.0, इछावर में 6.0, भैरूंदा में 77.0, बुधनी में 0.0, रेहटी में 7.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 27 जून को प्रातः 8 बजे तक 159.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 122.0 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीहोर जिले में 01 जून से 27 जून 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 128.6, मिलीमीटर, श्यामपुर में 111.2, आष्टा में 149.0, जावर में 75.3, इछावर में 173.3, जिले के भैरूंदा क्षेत्र में 204.0, बुधनी में 230.0 तथा रेहटी में 204.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तेज बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान आज सीहोर आएंगे

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 28 जून को भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12:20 बजे सीहोर कलेक्ट्रेट पहुंचेगें और कलेक्ट्रेट के जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 01 बजे से 03:30 बजे तक आयोजित दिशा की बैठक में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 04:15 बजे इछावर तहसील के ग्राम कांकरखेड़ा पहुंचेगे।

### कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश के लिए करे आवेदन

**सीहोर।** कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा ग्यारहवीं में विज्ञान एवं गणित संकाय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 02 जुलाई है। प्रवेशित विद्यार्थियों को निशुल्क आवास, भोजन, किताबें एवं गणवेश सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### नवमी पर किया जाएगा मरीह माता मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन हवन, यज्ञ, दुर्गा सप्त शती का पाठ के साथ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण के अलावा कन्या भोज आदि का आयोजन भी किया जा रहा है। मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा रोहित मेवाड़ा सहित अन्य ने यहां पर देवी मां का विशेष श्रृंगार किया।


### दो लोगों को खंभे से बांधकर की मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# बच्चा चोरी के संदेह में भीड़ ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को खंभे से बांधकर की मारपीट

दो दिन पहले भी कुछ युवक आए थे, जिनमें महिला के कपड़ों वाला व्यक्ति भी शामिल था। जिसने एक बच्चे को जबरजस्ति गोद में उठा कर पैसे की मांग की थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर





सीहोर में बच्चा चोरी के संदेह में दो संदिग्ध व्यक्तियों की पिटाई का मामला सामने आया है। दोनों व्यक्तियों को खंभे से बांधकर भीड़ ने पीटा गया, जिसमें से एक व्यक्ति ने महिलाओं के कपड़े पहन रखे थे। पुलिस के पहुंचने के बावजूद भीड़ ने पिटाई जारी रखी। यह घटना सायलो के पास जमुनिया मार्ग की बताई जा रही है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार जमुनिया रोड पर गेंहू के सायलो केंद्र के पास शुक्रवार को लोगों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को घूमते हुए देखा था। बताया जाता है कि इनमें से एक व्यक्ति ने महिलाओं के कपड़े पहन रखे थे। इस दौरान लोगों ने दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर एक खंभे से बांध दिया और जमकर खबर ले ली। इस दौरान मौके पर पुलिस भी पहुंची, लेकिन पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में भी भीड़ की पिटाई जारी रही। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

#### 4 हजार रुपए लेने के बाद छोड़ था बच्चा

इस मामले में लोगों ने बताया कि दो दिन पहले कुछ युवक आए थे, जिनमें महिला के कपड़ों वाला व्यक्ति भी शामिल था। इन लोगों में से एक व्यक्ति भगवान ने जबरदस्ती एक बच्चे को गोद में उठा लिया था और 4 हजार रुपए लेने के बाद ही बच्चे को छोड़ा था। आज फिर ये लोग क्षेत्र में दिखे तो लोगों ने उनको खंभे से बांधकर जमकर इस कृत्य को अंजाम दिया।

#### पीड़ित बोले- हम बहरूपिए हैं

मामले में पुलिस की पूछताछ में पीड़ितों ने अपना नाम चांदबढ़ निवासी भगवान सिंह (35) और कमल नाथ (32) बताया है। उन्होंने कहा कि वो बहरूपिए हैं। पुलिस पूछताछ में यह भी पता चला है कि दोनों व्यक्तियों में से भगवान नाम का एक व्यक्ति दो दिन पहले क्षेत्र में आया था और एक बच्चे को ले जा रहा था उसे छोड़ने की एवज में चार हजार रुपये ले गया था। शुक्रवार को इसी तरह का प्रयास करने की फिराक में घूम रहे थे।लोगों की भीड़ ने दोनों को पकड़ कर बांध दिया और जमकर मारपीट कर दी। मंडी टीआई माया सिंह के अनुसार पीड़ित चांदबढ़ गांव के रहने वाले हैं। दोनों संदिग्ध व्यक्तियों में से एक व्यक्ति दो दिन पहले जमुनिया रोड क्षेत्र से एक बच्चे को ले जा रहा था।

### कान्फ्रेंस में कमिश्नर ने चर्चा की

## जिले में बाढ़ व आपदा प्रबंधन के लिए तैयारियों के निर्देश



**खंडवा।** वर्षा ऋतु को देखते हुए बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश इंदौर संभाग के कमिश्नर दीपक सिंह ने दिए हैं। शनिवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में संभाग के सभी कलेक्टर्स से चर्चा करते हुए उन्होंने विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर कार्यवाही के निर्देश दिए। वीसी में कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में वर्षा से पहले नालों की सफाई कराई जाए तथा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं की जाएं। नागरिकों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत चिन्हित सेवाओं का समय पर लाभ मिले, इसके लिए भी उन्होंने निर्देश दिए। निर्धारित समय सीमा में सेवा नहीं देने वाले अधिकारियों पर अर्थदंड की कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता से संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने, हरियाली अमावस्या पर व्यापक पौधारोपण अभियान चलाने और धरती आबा अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने तथा अत्यधिक वर्षा की स्थिति में प्रभावित लोगों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के नवीनतम प्रावधानों के तहत राहत राशि स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए। साथ ही शिशु मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी लाने हेतु दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश भी कलेक्टर्स को दिए गए।

#### शिविरों की आवश्यकता भी बताई

पन्धाना और खालवा विकासखंड के जनजातीय क्षेत्रों में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और स्वास्थ्य सेवा विस्तार के लिए विशेष शिविरों की आवश्यकता भी बताई गई। खंडवा कलेक्ट्रेट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले में वर्षा पूर्व की गई तैयारियों और ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं व कांवड़ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने भी ओंकारेश्वर में दर्शन व्यवस्था व कांवड़ यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी बैठक में दी।

### कॉलेज रोड पर चोरी की वारदात

## ढाई लाख की ज्वेलरी व 73 हजार नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ



**खिरकिया ।** कियोस्क संचालक चंद्रभूषण जायसवाल के घर पर चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है । जायसवाल ने बताया कि 26 जून को जब वे अपने परिवार के साथ चार धाम की यात्रा से वापस लोटे तो वारदात के संबंध में जानकारी मिली । 12 जून से लेकर 26 जून तक घर बंद था और इस दौरान सभी परिजन चार धाम की यात्रा पर गए थे । जायसवाल ने बताया कि सोने का मंगलसूत्र , सोने के टॉप्स , सोने की अंगूठी चांदी की पायल चैन समेत 73.400 जो उनके घर पर अलमारी में रखे हुए थे चोरी किए गए हैं । चोर वार्ड क्रमांक 6 में कॉलेज रोड पर स्थित जायसवाल के मकान पर मुख्य दरवाजे से बाउंड्रीवाल से कूदकर परिसर में दाखिर हुए । मेन गेट का ताला चोरों द्वारा तोड़ा गया जो पास पड़ा हुआ पाया गया । करीब ढाई लाख रुपए के जेवरात और 73.400 नकद राशि चोरों द्वारा चोरी की गई । जायसवाल ने बताया कि चोरों द्वारा घर में रखी हुई दोनों अलमारी में समान निकाल गया । चंद्रभूषण जायसवाल ने चोरी की वारदात की जानकारी पुलिस को दी तो पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू की गई है डॉग स्क्वाड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट चोरी की जांच पड़ताल के लिए पहुंचे और खोजबीन शुरू की है। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज भी देखी जा रही है।

### धार्मिक अनुष्ठान किया गया

## महिला ने तीन बच्चों के साथ इस्लाम छोड़ सनातन धर्म में की घर वापसी



**खंडवा।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में एक बार फिर से इस्लाम धर्म त्याग कर एक परिवार ने सनातन धर्म को अपनाया है। हसीना बी नाम की महिला ने अपने तीन बच्चों फरीद, राशिब और असलम के साथ इस्लाम धर्म छोड़कर विधिवत रूप से सनातन धर्म की घर वापसी की है। यह धार्मिक अनुष्ठान खंडवा के महादेवगढ़ में आयोजित किया गया, जहां पंडितों द्वारा विधि-विधान से सभी का प्रायश्चित संस्कार कराया गया। अनुष्ठान के दौरान हसीना बी को नया नाम रुकमणी दिया गया, जबकि उसके बेटों में फरीद को अक्षय, असलम को अजय और राशिब को राजकुमार नाम दिया गया। धार्मिक प्रक्रियाओं के अंतर्गत सभी ने भगवान शंकर की महाआरती में भाग लिया। महादेवगढ़ के संरक्षक अशोक पालीवाल ने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक एक दर्जन से अधिक लोगों ने सनातन धर्म में घर वापसी की है। उनके अनुसार लोगों में सनातन धर्म के प्रति आकर्षण बढ़ा है और यह भावना बलवती हो रही है कि उनके पूर्वज कभी सनातन धर्म का हिस्सा थे। पालीवाल ने कहा कि जिन लोगों ने घर वापसी की है, उनका बचपन से सनातन धर्म के प्रति विशेष लगाव रहा है, इसी कारण उन्होंने यह निर्णय लिया।

### लोगों ने जाना हालचाल

## अस्पताल से स्वस्थ होकर दो दिन बाद घर लौटे नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶खंडवा

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर अब स्वस्थ हैं और शनिवार को अस्पताल से डिस्चार्ज होकर अपने विट्ठल नगर स्थित निवास पर लौट आए। शुक्रवार को घर की कांच से टकराने की घटना में घायल हुए राठौर के हाथ में 15 टांके लगे थे। दो दिन से शहर में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई थी, जिस पर लोगों की अपनी-अपनी राय थी। शनिवार को जैसे ही राठौर घर लौटे, दिनभर उनसे मिलने वालों का सिलसिला जारी रहा। परिजन, रिश्तेदार, मित्र और पार्टी कार्यकर्ता उनसे मिलने पहुंचे और हालचाल जाना। मीडिया के कई साथी देवेंद्र जायसवाल, अमित जायसवाल, इमरान खान, गोपाल राठौर, रेहान खान, मयंक शर्मा इत्यादि ने भी उनके निवास पर पहुंचकर मुलाकात की और घटना से जुड़ी वास्तविक जानकारी ली। राठौर ने पहले ही स्पष्ट किया था कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा था, जिसका किसी विवाद से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की थी कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। घर पहुंचने के बाद भी उन्होंने मिल रहे सभी लोगों को यही जानकारी दी और सभी के प्रति आभार जताया।

## कुबेरेश्वरधाम पहुंचे प्रशासनिक अमला 5 जुलाई को होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की शुरुआत पांच जुलाई से होगी।

इस मौके पर दोपहर में कथा और 10 जुलाई को दीक्षा महोत्सव का आयोजन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में किया जाएगा। मंदिर परिसर में होने वाली कथा की तैयारियां पूर्ण की जा रही है। इसको लेकर शुक्रवार को दोपहर में पहुंचे एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अमले ने विठलेश सेवा समिति की व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य के साथ यहां पर पार्किंग व्यवस्था, भोजनशाला, पंडाल आदि का निरीक्षण किया।

### समाजजनों ने उपस्थित होकर मुनि संघ की अगवानी की

## मुनियों का चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश, शोभायात्रा निकाली

**खंडवा।** नगर में शनिवार को जैन समाज के लिए एक विशेष धार्मिक अवसर बना, जब आचार्य विरागसागर महाराज के शिष्य विश्रुतसागर और निवेद सागर महाराज का चातुर्मास हेतु मंगल आगमन हुआ। इस अवसर पर समाजजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मुनि संघ की अगवानी की। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा के रूप में मुनि संघ को सराफा जैन मंदिर धर्मशाला लाया गया। शोभायात्रा में बैंड-बाजों, बग्घी और धार्मिक भजनों के साथ श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। समाज के विभिन्न मंडलों ने शोभायात्रा में भाग लिया और कई स्थानों पर गुरुदेव के पदों का पखालन किया गया। समाज के सचिव सुनील जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नगर के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि वर्षा ऋतु के चातुर्मास काल में आगामी चार महीनों तक खंडवा में मुनि संघ के सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। इस दौरान नगर में धर्म की गंगा बहेगी और धर्म प्रभावना की जाएगी।



### पुरी की तर्ज पर निकाली भगवान जगन्नाथ की यात्रा, शामिल हुए श्रद्धालु

# भव्य जगदीश रथयात्राः श्रद्धालुओं के खींचने से आगे बढ़ा रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

शुक्रवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य रथ यात्रा पुरी की तर्ज पर निकाली गई। इस मौके पर शहर के अनेक स्थानों पर रथ में सवार भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ का भव्य स्वागत किया गया।

सुबह यहां पर मौजूद आधा दर्जन से अधिक पंडितों ने यहां पर सुबह गर्भगृह से प्रभु को निकाला और भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बड़े भाई बलदाऊ आदि का पूर्ण विधि-विधान से अभिषेक कराया इसके बाद महा आरती के पश्चात बड़ी संख्या में भजन मंडली के द्वारा ढोल-नगाडे के साथ भगवान करीब तीन किलोमीटर से अधिक भ्रमण निकले अब रात्रि को शहर के मंडी स्थित श्रीराम मंदिर में विश्राम के बाद भगवान को पुन शहर के छावनी स्थित जगदीश मंदिर में विराजमान किया जाएगा।



इस मौके पर शहर के नमक चौराहे के समीप विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, मनोज दीक्षित मामा, यश अग्रवाल, पंडित कुणाल व्यास आदि ने चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार और पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल सहित समाज के पदाधिकारियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज की ओर से शिव परमार मुरली, जेपी परमार, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, हरीश परमार, दशरथ परमार, देवनारायण परमार ने बताया कि मंदिर में सुबह पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई थी, इसके बाद सुबह दस बजे से एक घंटे तक महाआरती की गई।

## भगवान जगदीश की रथयात्रा में शामिल हुए राजस्व मंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा सीहोर में परमार समाज द्वारा आयोजित भगवान जगदीश स्वामी की रथयात्रा एवं कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर रथयात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। उन्होंने धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए धर्मशाला बनाने 05 लाख की राशि देने की घोषणा की। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि नागरिकों की आवश्यकतानुसार एक शासकीय स्वराज भवन बनाने का भी प्रयास किया जाएगा। ताकि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक एकता को बढ़ावा दिया जा सके।